हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–307 : जौनपुर, सोमवार 21 मार्च 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## सरकार बनते ही मिलेगी गांवों को सड़कों की सौगात : 75 जिलों में 4233.37 किमी बनाई जाएंगी सड़कें

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश में सरकार गठन के साथ ही गांवों को नई सड़कों की सौगात मिलेगी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत 75 जिलों में 4235.37 किलोमीटर लंबे 558 मार्गों का निर्माण कराया जाएगा। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने पीएमजीएसवाई–3 के तहत दूसरे चरण में 4233.37 किमी लंबी सड़कों की स्वीकृति दी थी। यूपी ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण की ओर से सड़कों के टेंडर भी आमंत्रित कर लिए गए, लेकिन विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने से कुछ जगह टेंडर नहीं हुए तो कुछ जिलों में निर्माण शुरू नहीं हुआ। अब दोबारा भाजपा सरकार बनने के साथ ही अभिकरण ने सड़कों के शिलान्यास की तैयारी शुरू कर दी है। इन सड़कों के निर्माण से करीब दस हजार से अधिक ग्राम पंचायतों के लोग लाभान्वित होंगे। बरसात से पहले निर्माण पूरा कराने की योजना है। इस साल बनेगी 19 हजार किमी सड़कें पीएमजीएसवाई–3 के प्रथम बैच में 8249.4 किमी के 1098 मार्गों और द्वितीय बैच में 4235.37 किमी 558 मार्गों की स्वीकृति मिली है। इस प्रकार अब तक 12,482 किमी लंबे 1656 मार्गों की स्वीकृति मिली है। अब तक पांच हजार किमी से अधिक लंबी सड़कों का निर्माण पूरा हो चुका है। विभाग के अधिकारी ने बताया कि पीएमजीएसवाई–3 में 19 हजार किमी सड़कों का निर्माण कराया जाना है। इस साल के अंत तक सड़क निर्माण का लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा। प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों का होगा कायाकल्प प्रदेश में अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत औद्योगिक क्षेत्रों का कायाकल्प किया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार कराई जा रही है। औद्योगिक क्षेत्रों में चकाचक सड़क, जल निकासी की व्यवस्था समेत कॉमन फैसिलिटी सेंटर बनाने की मांग की जा रही है। कई जिलों में क्लस्टर डवलपमेंट के लिए भी उद्यमी प्रयासरत हैं। शासन ने संबंधित विभागों से कहा है कि वे अपने–अपने अधीन औद्योगिक क्षेत्रों में सभी तरह की आवश्यक ढांचागत सुविधाएं मुहैया कराने के लिए कार्ययोजना तैयार करें। इसके पीछे उत्पादन के साथ–साथ रोजगार के अवसरों में वृद्धि करना है।



## जेसीआई जौनपुर द्वारा आयोजित किया गया भव्य होली मिलन समारोह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवरस्तव : नगर की प्रतिष्ठित संस्था जेसीआई जौनपुर के अध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय के नेतृत्व में नगर के एक लॉन में समस्त जेसीआई परिवार के साथ रंगों के पावन पर्व होली को मनाने के उद्देश्य से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का का प्रारम्भ संस्था के पूर्व अध्यक्ष संजय गुप्त द्वारा गणेश वंदना से किया गया। इसके पश्चात् संस्था के सभी सदस्यों को सपरिवार अबीर–टीका लगाकर होली की शुभकामना दी गयी। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नगर मजिस्ट्रेट जौनपुर अनिल कुमार अग्निहोत्री तथा अपर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र दूबे रहे। संस्था के अध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय ने समस्त पूर्व अध्यक्षों के साथ अतिथियों का बुकें देकर स्वागत किया। नगर मजिस्ट्रेट ने कार्यक्रम में होली के अवसर पर हास्य की चन्द पंक्तियां प्रस्तुत करके समस्त परिवार को होली की शुभकामना दी। साहित्य के धनी अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने अपने वक्तव्य में जेसीआई परिवार की सराहना करते हुये कहा कि अध्यक्ष डा. पाण्डेय के नेतृत्व में यह संस्था नित नये सराहनीय कार्य कर रही है। इस कार्यक्रम में रिदम इवेंट के कलाकारों द्वारा राधाकृष्ण तथा अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। संस्था के पूर्व मण्डलाध्यक्ष राधेरमण जायसवाल, सोनी जायसवाल, आलोक सेठ, अनीता सेठ, पूर्व अध्यक्ष राकेश जायसवाल, मंजू जायसवाल, कृष्ण कुमार जायसवाल, धर्मेन्द्र सेठ, किरन सेठ, गौरव सेठ द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गयीं। इस कार्यक्रम में चेयर पर्सन कंचन पाण्डेय, कार्यक्रम




निदेशक राम कृपाल जायसवाल, गायत्री जायसवाल, डा. प्रशांत द्विवेदी, आकांक्षा द्विवेदी, कृष्ण गोपाल जायसवाल, नीलम जायसवाल, महिला संयोजिका श्रद्धा जायसवाल, अजयनाथ जायसवाल, नीरज श्रीवास्तव, मीनू श्रीवास्तव, संतोष मेडिकल, सीमा अग्रहरि, सत्य प्रकाश जायसवाल, आरती जायसवाल, सर्वेश जायसवाल, अतुल जायसवाल, आशुतोष जायसवाल, प्रीति जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, प्रीति जायसवाल, दीपक बाधवा, श्वेता बाधवा, रमेश श्रीवास्तव, पूनम श्रीवास्तव, भरत सेठ, सिम्पल सोनी, दिलीप जायसवाल, बबीता जायसवाल, रंजीत सिंह, रविन्द्र कौर, मनीष मौर्या, वंशिका मौर्या, अजय कुमार गुप्ता, शिवेन्द्र सेठ, संदीप सेठी, वन्दना सेठी, मनीष तिवारी, सिमरन श्रीवास्तव, आकाश केसरवानी, दिलीप सिंह, अर्चना सिंह, संदीप जायसवाल, अमृता जायसवाल, प्रदीप सिंह, नीतू सिंह, मनीष चौरसिया, शिवानी चौरसिया, चित्रगुप्त वाचस्पति, शालू वाचस्पति, उत्कर्ष सेठी, गार्गी सेठी, सौरभ बरनवाल, जूही बरनवाल, डा. आनन्द प्रकाश, डा. शिल्पी सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हफीज शाह ने किया तथा संस्था के सचिव प्रदीप जायसवाल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## थाना महराजगंज पुलिस द्वारा हत्या के मुकदमे से सम्बन्धित 04 अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवरस्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर, श्री अजय साहनी द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के आपराधिक कार्य की रोकथाम एवं गिरफ्तारी, बरामदगी तथा अनावरण हेतु शेष अभियोगो के अनावरण के अभियान के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा श्रीमान क्षेत्राधिकारी बदलापुर के कुशल पर्यवेक्षण, निर्देशन मे थानाध्यक्ष रमेश कुमार थाना महराजगंज के नेतृत्व में मु0अ0सं0 34/2022 धारा 302/323/504/506 भा0द0वि0 मे वांछित अभियुक्तगण 1.उदयराज गौतम पुत्र रामकुमार 2.विजय पुत्र अमरनाथ गौतम 3.शन्नी गौड पुत्र राममूरत गौड 4. विरेन्द्र गौतम उर्फ विरन्दू पुत्र छोटेलाल निवासीगण सोनपुर अहिरौली थाना महराजगंज जनपद जौनपुर को कोल्हुआ बाजार से दिनांक 20.03.22 को समय करीब 12.45 बजे पुलिस हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता– 1. उदयराज गौतम पुत्र



रामकुमार 2. विजय पुत्र अमरनाथ गौतम 3. शन्नी गौड पुत्र राममूरत गौड 4. विरेन्द्र गौतम उर्फ विरन्दू पुत्र छोटेलाल निवासीगण सोनपुर टोली अहिरौली थाना महराजगंज जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0सं0 34/2022 धारा 147/504/506/323/302 भा0द0वि0 गिरफ्तारी टीम – 1.उ0नि0 रमेश कुमार – थानाध्यक्ष थाना महराजगंज जनपद जौनपुर। 2.उ0नि0 श्री देवेन्द्र सिंह यादव – चौकी प्रभारी राजाबाजार थाना महराजगंज जौनपुर 3.उ0नि0 श्री मुन्नीलाल कन्नौजिया,का0 इश्वर कुमार ,का0 सुमित यादव,का0 अजीत कुमार,का0 पवन कुमार थाना महराजगंज जनपद जौनपुर।

## असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है होली : पुष्पक ज्योति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवरस्तव : असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है होली का पर्व यह बात आई जी पुष्पक ज्योति ने देहरादून निकट थानू में आयोजित होली मिलन समारोह में कही । अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में पूरे उत्तराखंड से आए कायस्थ समाज के लोगों ने भाग लिया । होली मिलन समारोह को सम्बोधित करते हुए पुष्पक ज्योति जी कहा की होलिका में बुराइयों का दहन करने के बाद दूसरे दिन होली का पर्व इस बात का प्रतीक है की हमेशा जीत सत्य की ही होती है उन्होंने कहा सत्य विचलित भले हो लेकिन कभी पराजित नहीं हो सकता इसलिए हमेशा सत्य के साथ रहे । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने कहा की आज का त्योहार असत्य पर जीत के साथ भाई चारे का पर्व भी है जब हम अपने सभी नाराजगी को भुला कर अपनो के गले लगते है जिससे दिल के सभी गिले सिकवे दूर हो जाते है उन्होंने प्रदेश से आए सभी समाज के लोगों का अभिनंदन और स्वागत किया । कार्यक्रम का संचालन पीयूष निगम और राजीव जौहरी के किया । कार्यक्रम को राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ने सम्बोधित करते हुए सबको फिर वही नारा याद दिलाया की कायस्थ समाज के हर संगठन को एक साथ एक मंच पर आ कर हमारे नारे का अनुसरण करना चाहिए उन्होंने सबसे कहा की कोई रूठे नहीं कोई छूटे नहीं को याद रखे और सबको साथ लेकर चले तभी हम अपनी पुरानी मान प्रतिष्ठा प्राप्त कर पाएँगे । सीकर होम रिजोर्ट में आयोजित कार्यक्रम में हल्द्वानी से आए प्रदेश संगठन मंत्री मुरारी प्रसाद ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा की उन्होंने जो सपना बीस वर्ष पहले देखा था वह आज पूरा होता नजर आ रहा है उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि सभी संगठन एक साथ एक मंच पर आकर अपनी ताकत का अहसास कराए । कार्यक्रम में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ कई पारिवारिक गेम भी खेले गए । कार्यक्रम में राष्ट्रीय भजन गायक गोपाल भटनागर की प्रस्तुति से समा बांधे रखा ।कार्यक्रम में हल्द्वानी , रूद्रपुर , ऋषिकेश , मसूरी सहित देहरादून से सैकड़ों लोगों ने भाग लिया कार्यक्रम





में कायस्थ परिवार के बच्चों ने कई प्रस्तुति दी । कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव , ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव , कमल भटनागर , रवि सरन महासचिव सर्वेश माथुर , संगठन मंत्री मुरारी प्रसाद , सह संगठन मंत्री सुशील सक्सेना , महिला अध्यक्ष अनिता सक्सेना , कोषा अध्यक्ष हितेंद्र सक्सेना ,महिला महासचिव वंदना श्रीवास्तव , महिला संगठन मंत्री नीतू श्रीवास्तव , युवा अध्यक्ष सौरभ सक्सेना , महासचिव नितिन दयाल जिला अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव उपाध्यक्ष पी के कलश्रेस्ठ , रूद्रपुर इकाई से कमल सक्सेना , ऋषिकेश के अध्यक्ष डा विनोद श्रीवास्तव , सुरेश जी , हरिद्वार इकाई से मनोज सिन्हा , ऋचा जौहरी , अभय श्रीवास्तव , विक्रम श्रीवास्तव , विनोद श्रीवास्तव , अभिषेक सिन्हा , अजय श्रीवास्तव , विशाल श्रीवास्तव , शैलेंद्र , तरुण सक्सेना , गोविंद बांधवा सहित पूरे प्रदेश से सैकड़ों लोग उपस्थित रहे ।कार्यक्रम की भव्यता फूलो की होली रही।

## स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा के माध्यम से पोषण के विषय में जागरूकता एवं भागीदारी बढ़ाते हुये विशेष कैम्प का किया जायेगा आयोजन

जौनपुर सू.वि. : मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला ने अवगत कराया है कि राज्य उ०प्र० लखनऊ के माध्यम से अवगत कराया गया है कि 21 से 27 मार्च 2022 तक '' स्वास्थ्य बालक बालिका स्पर्धा '' कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, जिसमें स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा के माध्यम से पोषण के विषय में जागरूकता एवं भागीदारी बढ़ाते हुये बच्चों के पोषण स्तर में सुधार हेतु व्यवहार परिवर्तन करते हुये पोषण के अभियान को जन आन्दोलन बनाने की दिशा में जनपद के प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत, स्कूल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर विशेष कैम्प का आयोजन किया जाना है। मा० प्रधानमंत्री जी द्वारा दिये गये निर्देश के कम में स्वस्थ्य बच्चे की पहचान करते हुये उसके एवं उसके परिवार को सम्मानित करते हुये अपने बच्चों को पोषण के प्रति समुदाय में जागरूकता बढ़ाने एवं व्यवहार परिवर्तन करने की दिशा में प्रभावी होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य 0–6 वर्ष तक के बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाना, स्वस्थ्य बच्चे पर कुपोषित बच्चे की तुलना में ज्यादा ध्यान देना, समुदाय को बच्चे के स्वास्थ्य एवं पोषण के भावनात्मक स्तर से जोड़ना तथा समुदाय को स्वास्थ्य एवं पोषण के बारे में जागरूक करना, समुदाय में अभिभावकों के मध्य अपने बच्चे को स्वस्थ एवं सुपोषित रखने हेतु प्रतिस्पर्धात्मक माहौल तैयार करना एवं स्वस्थ्य बच्चे को पुरस्कृत करना, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार की सेवाओं को प्राप्त करने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि लाना, बच्चों की वृद्धि एवं विकास की निरन्तर निगरानी करते हुये समय से कुपोषण की पहचान करना तथा समयान्तर्गत तक्षेप करते हुये कुपोषण दूर भगाना, 0–6 वर्ष तक के बच्चों का लम्बाई/ऊंचाई की माप लेते हुये उनमें व्याप्त यथा–नाटापन, दुबलापन एवं कम वजन के बच्चे की पहचान करते हुये डेटाबेस तैयार करना तथा समयान्तर्गत उपचार हेतु संबंधित विभागों को संदर्भित करना। कार्यक्रम के विभिन्न घटक – लक्ष्य समूह–0–6 वर्ष तक के समस्त बच्चे आगनबाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत 0–6 वर्ष के बच्चे एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों से बाहर के बच्चे, स्वैच्छिक भागीदारी, वजन एवं माप लेने का स्थान आगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत भवन, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अस्पताल एवं विशेष कैम्प का आयोजन/अन्य, कियान्वयन नीति–ग्रामीण, शहरी तथा सेल्फ मोड, स्पर्धा हेतु मंच–पोषण ट्रैकर एप के माध्यम से ऑनलाइन, ग्रामीण क्षेत्र में आयोजन – नोडल अधिकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी, मुख्य कियान्वयनकर्ता – संबंधित परियोजना में बाल विकास परियोजना अधिकारी–क्षेत्रीय कर्मियों के सहयोग से, माप लेने वाले कर्मी – आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका, सहयोगी इकाई सामुदायिक गतिशीलता बढ़ाने हेतु पंचायत के सदस्य, स्वयं सहायता समूह एवं मातृ समूह, माप लेने का स्थान – आंगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत भवन, स्कूल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अस्पताल, विशेष कैम्प का आयोजन/अन्य। शहरी क्षेत्र में आयोजन – नोडल अधिकारी अधिशासी अधिकारी, नगर नगरपालिका/नगर पंचायत, मुख्य कियान्वयनकर्त्ता – नगर पालिका, माप लेने वाले कर्मी – रोटरी क्लव, लायन्स क्लब, गैर सरकारी संगठन, कर्मचारी संगठन एवं चिकित्सक, सहयोगी इकाई – सामुदायिक गतिशीलता बढ़ाने हेतु इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन स्कूल प्रशासन के सहयोग से, माप लेने का स्थान – आंगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत भवन, स्कूल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अस्पताल, विशेष कैम्प का आयोजन /अन्य। स्वस्थ बच्चे की पहचान – बच्चे की लम्बाई/ऊंचाई तथा वजन निर्धारित वृद्धि निगरानी (आंगनबाड़ी केन्द्रों पर वृद्धि निगरानी यंत्र जी०एम०डी० स्टेडियोमीटर, इन्फेन्टोमीटर, इन्फेन्ट वेईंग स्केल इत्यादि) यंत्र से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/ विभिन्न एजेन्सियों के द्वारा कराना। पोषण ट्रैकर पर ऐप के मॉड्यूल में बच्चे की लम्बाई/ऊंचाई तथा वजन एवं जन्म तिथि अंकित करना, विश्व स्वास्थ्य संगठन के वृद्धि निगरानी चार्ट के अनुसार बच्चे का ऑनलाइन वर्गीकरण स्वस्थ बच्चे के लिए पोषण ट्रैकर एप पर स्वतः प्रमाण पत्र निर्गत होना तथा राज्य/जनपद/नगर निकाय द्वारा स्वस्थ बच्चे को पुरस्कृत किया जाना। पूर्व तैयारी हेतु निर्देश – कैम्प में अधिक से अधिक सामुदायिक सहभागिता करने के लिए प्रचार–प्रसार हेतु प्रिन्ट मीडिया एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से। आगनबाड़ी केन्द्रों पर ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाईसेस की उपलब्धता सुनिश्चित करना। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रतिभाग करने वाली संस्थाओं की सूची तैयार करना। स्वयं सहायता समूह, स्वैच्छिक संस्थाओं, गैर सरकारी संगठनों के लिए कार्य दायित्व का निर्धारण करना। सूचीबद्ध संस्थाओं के प्रशिक्षण की व्यवस्था करना एवं ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु पृथक–पृथक व्यवस्था करना।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## बाबू खां कॉलेज में लगी 12 से 14 आयु वर्ग के बच्चों को वैक्सीन

हरदोई पत्रकार जनार्दन श्रीवास्तव : सोमवार को नगर के बाबू खां जनता डिग्री कालेज में वैक्सीनेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाली के दिशा



निर्देश पर बाबू खां जनता डिग्री कॉलेज में प्रधानाचार्य फुरकान खां के सहयोग से हुआ। इस वैक्सीनेशन शिविर में विद्यालय व क्षेत्र के 12 से 14 आयु वर्ग के लगभग 40 बच्चों को कोविड वैक्सीन लगाईं गयीं। इस अवसर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाली वैक्सीनेशन टीम में शामिल स्टाफ नर्स विनीता देवी, एएन एम पूनम देवी , सहायक के रूप स्वास्थ्य कार्यकर्ता रजत पांडेय ने बताया कि शिविर में अभी सम्पूर्ण दिवस तक वैक्सीनेशन किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि दोपहर तक लगभग 40 बच्चों को वैक्सीनेशन किया जा चुका है। इस अवसर पर विद्यालय के सोनू त्रिवेदी, प्रशान्त कुमार''पी.के.'', निशा ने वैक्सीनेशन टीम को सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक/शिक्षिका मौजूद रहे।

## मतदाता दिवस पर बदलापुर एसडीएम चुनाव में उत्कृष्ट कार्य के लिए होगे सम्मानित

जौनपुर विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी : विधानसभा 2022 के चुनाव में आरो के रूप में उत्कृष्ट कार्य संचालन सेवा प्रदान करने वाले बदलापुर उप जिलाधिकारी लाल बहादुर को मतदाता दिवस पर चुनाव आयोग द्वारा सम्मानित किया जाएगा। चुनाव आयोग के प्रेक्षक अजय नाथ झा द्वारा चुनाव आयोग को प्रेषित रिपोर्ट में इनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की गई है। ऐसे में चुनाव आयोग ने मतदाता दिवस पर इन्हें सम्मानित करने का निर्णय लिया है।

## उत्तर भारतीय संघ के बैनर तले मनाया गया होली मिलन समारोह

जाम्बिया से विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी की रिपोर्ट : अफ्रीका के जाम्बिया देश की राजधानी लुसाका शहर में उत्तर भारतीय संघ द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह होली धमाल का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम के साथ संपन्न हुआ. उत्तर भारतीय संघ के बैनर तले होली मिलन समारोह



का कार्यक्रम रखा गया जिसमें भारत मुल्क के रहने वाले तमाम भारती नागरिक उपस्थित रहे और पूरी तरह से रंगारंग कार्यक्रम चलता रहा रंगो भरी होली मनाई गई तरह–तरह के गानों पर झूमते रहे भारतीयों के साथ साथ जांबिया देश के रहने वाले मूल नागरिक भी बहुत ही सौहार्द पूर्वक होली मनाए और डीजे पर खूब झूम कर डांस किए और रंगों से भरा यह त्यौहार लोग बड़े ही खुशहाली के साथ एक दूसरे को रंग लगाकर गले मिलकर होली की बधाई संदेश देते हुए झूम झूम कर रंग और गुलाल उड़ाते रहे. होली महोत्सव मनाने के लिए उत्तर भारतीय संघ के सभी सदस्यगण बड़े ही चेष्टा के साथ कार्य में लगे रहे और एक भारी संख्या एकत्रित कर सभी भारतीयों को एक संदेश दिया कि अपनी परंपरा और अपने त्यौहार को कभी खोने नहीं देना है साथ ही साथ इस त्यौहार से आपस में भाईचारे की एक अलग उम्मीद जगती है और एक दूसरे से मिलने का भी बहुत ही अच्छा और सुनहरा अवसर होता है जिसे हम होली मिलन समारोह के नाम से जानते हैं।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

दो तरह से देखनें पर चीजें छोटी नजर आती हैं, एक दूर से, एक गुरुर से।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# रूस–यूक्रेन संघर्ष : भारत ने लिया शांति का पक्ष

संयुक्त राष्ट्र युद्ध करने के लिए नहीं बना है, वह इसलिए बना है कि किसी भी तरह के संकट की स्थिति में कूटनीतिक हल निकाला जाए। यूक्रेन संकट के बीच भारत संयुक्त राष्ट्र में बातचीत से हल निकालने की बात ही तो कर रहा है।

यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद से संयुक्त राष्ट्र में रूस के खिलाफ आए प्रस्ताव पर मतदान के दौरान भारत तीनों बार अनुपस्थित रहा और उसने दोनों पक्षों से बातचीत के जरिये इसका हल ढूंढ़ने की अपील की है। इसके जरिये भारत ने विदेश नीति के मसले पर एक ऐसी पहल की है, जो भारत के दृष्टिकोण को बहुत बेहतर तरीके से व्यक्त करती है। इससे स्पष्ट है कि भारत न तो रूस के साथ है, न अमेरिका के साथ और न ही यूरोपीय देशों के साथ।

यूरोपीय देशों में अभी जो स्थिति बनी है, वह भयावह होती जा रही है। हमारे देश के बहुत से बच्चे अब भी यूक्रेन में फंसे हुए हैं, इसलिए एक तरह से भारत भी इससे जुड़ा हुआ है। भारत समेत दुनिया भर की अर्थव्यवस्था पर इसका बहुत बुरा परिणाम पड़ने वाला है। शेयर बाजार पूरी तरह से अस्थिर हो गया है। महंगाई लगातार बढ़ती चली जा रही है। जिन लोगों को पेंशन नहीं मिलती है, उनके लिए तो परेशानी है ही, जिन लोगों को पेंशन मिलती है, उनके लिए भी महंगाई बढ़ने के कारण मुश्किल बढ़ जाएगी।

भारत ने जो फैसला किया है, वह इन सब चीजों को ध्यान में रखते हुए ही फैसला लिया है। मौजूदा स्थिति में पता नहीं चल पा रहा कि यह युद्ध कब तक चलेगा। पश्चिम और नाटो देशों ने यूक्रेन एवं रूस को ऐसे कगार पर खड़ा कर दिया कि उन्हें युद्ध करना पड़ रहा है। ऐसे में भारत ने बातचीत के जरिये शांति की जो पहल की है, वह जरूरी है। भारत ने युद्ध में प्रत्यक्ष रूप से न जुड़े अन्य देशों को भी एक नई दिशा दिखाई है कि वे भारत के साथ जुड़कर बातचीत से समस्या के समाधान का दबाव बनाएं। सभी रूस को समझाएं कि युद्ध किसी समस्या का हल नहीं है, दोनों देश आपस में सुलह करें और जब तक सुलह हो नहीं जाती, तब तक मानवीय कानूनों का पूरी तरह से पालन करें। निर्दोष लोगों, सेना और अर्थव्यवस्था पर इसके जो बुरे परिणाम हो रहे हैं, वे खत्म हों और कम से कम हों।

अमेरिका और अन्य नाटो देशों ने यूक्रेन की मदद करने की बात की है कि हम आपको हथियार देंगे, आप लड़िए, लेकिन यह तो कोई अच्छी बात नहीं है। भारत ने रूस को यह तो नहीं कहा है कि आपने यूक्रेन पर हमला करके अच्छा किया है। ऐसे में कैसे कहा जा सकता है कि भारत ने रूस का पक्ष लिया है? भारत ने सिर्फ शांति का पक्ष लिया है। हमने इसलिए शांति का पक्ष लिया है, क्योंकि हमने युद्ध की, आतंकवाद की विभीषिका झेली है।

मुझे नहीं लगता कि भारत के मौजूदा रुख से भारत–अमेरिका के रिश्ते पर असर पड़ना चाहिए, लेकिन ऐसी कोशिशें हो रही हैं। बहुत से लोग हैं, जो नहीं चाहते कि भारत और अमेरिका के बीच रिश्ते बेहतर रहें। चीन के साथ भी हमारे रिश्ते उतने खराब नहीं थे। प्रधानमंत्री मोदी ने भी काफी प्रयास किया कि चीन के साथ रिश्ते और बेहतर हों, लेकिन हमने देखा कि चीन के अपने ही अलग तेवर थे। उसकी महत्वाकांक्षा महाशक्ति देश बनने की है। इसके लिए जरूरी है कि अपने अड़ोस–पड़ोस के देशों और उससे संबंधित पुराने समझौतों को दबाया जाए। उसकी वजह से हमें क्वाड में शामिल होना पड़ा। ऐसा नहीं था कि हम क्वाड के माध्यम से कोई नया रणनीतिक समीकरण बनाना चाहते थे, कि चीन के ऊपर हम हमला करें। भारत यही कहता रहा कि चीन आक्रामक होने के बजाय शांति के मार्ग पर चले और अपने पड़ोसी देशों के साथ अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन करे। हिंद–प्रशांत क्षेत्र में भी हम यही कहते रहे कि सभी देशों के लिए कानून के अनुसार मुक्त आवाजाही का मार्ग मिले। दूसरी बात, हम चीन की वजह से क्वाड में शामिल हुए, रूस की वजह से नहीं। हम हमेशा यह कहते रहे हैं कि रूस के साथ हमारे रिश्ते अच्छे हैं। और अब अगर रूस और चीन साथ में मिल जाते हैं, तो उससे हमें नुकसान ही होगा। इसलिए हम खुलकर रूस का विरोध नहीं करना चाहते हैं। हथियारों के लिए हम रूस पर निर्भर हैं, हालांकि इस मामले में हमारी निर्भरता घट रही है। लेकिन अन्य देशों से जरूरत के हिसाब से हथियार आपूर्ति न होने की वजह से हमें रूस के साथ हथियारों के लिए नए–नए अनुबंध करने पड़ते हैं।

भारत संयुक्त राष्ट्र में प्रतिनिधित्व बढ़ाने और अपनी बड़ी भूमिका की बात करता आया है। लेकिन यूक्रेन मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र में भारत का जो रुख है, उससे थोड़े समय के लिए भारत की भावी योजना और महत्वाकांक्षा पर निश्चित रूप से इसका असर पड़ सकता है। भारत की घरेलू राजनीति में भी और अमेरिका व नाटो के भीतर भी ऐसी बहस चल रही है कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र में रूस के खिलाफ मतदान करने के बजाय अनुपस्थित रहकर ठीक काम नहीं किया है। लेकिन मुझे विश्वास है कि इसके दूरगामी परिणाम बुरे नहीं होने चाहिए, क्योंकि भारत वही काम कर रहा है, जिसके लिए संयुक्त राष्ट्र बना है।

संयुक्त राष्ट्र युद्ध करने के लिए तो नहीं बना है, वह इसलिए बना है कि किसी भी तरह के संकट की स्थिति में उसका कूटनीतिक हल निकाला जाए। और भारत संयुक्त राष्ट्र के भीतर यही कह रहा है कि बातचीत से हल निकाला जाए। द्वितीय विश्वयुद्ध के जो विजेता देश थे, वे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता लेकर बैठ गए। जबकि पिछले 75 वर्षों में जितने भी हमले हुए हैं और जितनी बर्बादी हुई है, वह अधिकतर विकासशील देशों में हुई है, जो स्थायी सदस्य नहीं हैं। इसलिए भारत जैसे लोकतांत्रिक देश को, जो हमेशा शांति के पक्ष में और विकासशील देशों के हित में बात करता रहा है, स्थायी सदस्यता मिलनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र ने जहां कहीं भी शांति सेना भेजी है, उसमें भारत ने अपने सैन्य जवान भेजे हैं।

कुछ लोग कह रहे हैं कि मौजूदा संकट में भारत, चीन और पाकिस्तान एक साथ खड़े हैं, लेकिन इसे दूसरी तरह से देखने की जरूरत है। भारत एक बड़ी आबादी वाला देश है, जिसकी अपनी शांतिपूर्ण सभ्यता और संस्कृति रही है। चीन भी बड़ी आबादी वाला देश है और अपनी पुरानी सभ्यता का प्रतिनिधित्व करता है। पाकिस्तान ने अभी जो रुख अपनाया है, वह चीन, रूस तथा अन्य इस्लामी देशों, जहां नाटों के कारण अब तक सर्वाधिक बर्बादी हुई है, के साथ अपने रिश्तों के कारण लिया है। इसलिए अलग–अलग वजहों से ये देश आज एक साथ खड़े दिखते हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। होली मिलन कार्यक्रम के साथ ही महासचिव डॉ राघवेन्द्र शुक्ल ने वार्ड, खंड, महिला प्रभारियों वा प्रबंध समिति सदस्यों के दायित्व के बारे में विस्तार से भावी योजना के बारे में बताया एवं महासमिति की स्मारिका का प्रकाशन,विमोचन एवं महासमिति के वार्षिक समारोह के बारे में भी रूपरेखा वा संचालन समिति भी तैयार की गई ।अंत में महासमिति के अध्यक्ष डॉ बीएन सिंह जी ने हैं सभी का धन्यवाद कर कार्यक्रम का समापन किया। बैठक में 100: उपस्थिति रही .सभी ने गुलाल लगाकर एक एक दूसरे को होली की बधाई दी। उक्त कार्यक्रम में महासमिति अध्यक्ष डॉ बी एन सिंह जी, महासचिव डॉ राघवेंद्र शुक्ल उपाध्यक्ष राकेश त्यागी, सचिव सी जी नायर,आलोक मिश्रा, कर्नल ए एन पाण्डेय, केके मौर्या,डॉ पशुपति पाण्डेय,अरुण कुमार,राम दयाल मौर्या, शिव सेवक उपाध्याय, आरएन त्रिवेदी, क्रीड़ा सचिव नंदनी मिश्रा जी, मनोज कुमार मिश्रा जी,प्रचार सचिव अजय तिवारी,विनोद तिवारी, विनय जोहरी,सरल शुक्ला आलोक माथुर, ओम आलोक,श्याम विशाल,धमेंद्र सोनी,जितेंद्र पाण्डेय,अशोक गुप्ता,निर्मला सिंह,अमित शर्मा, वर्तिका शर्मा,प्रतिभा शाही, डॉ चित्रा, अर्चना शुक्ला, अंजू अरोड़ा, मिसेज त्यागी, आरती दीक्षित, प्रमोद मिश्रा, मुन्ना सिंह, सुमीत मिश्रा, राजेश श्रीवास्तव,



डॉ अरुणेंद्र त्रिपाठी,राम नाथ शुक्ला, बीपी सिंह,ऋतुराज तिवारी सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जन की उपस्थिति रही अंत में महासमिति के महासचिव राघवेंद्र शुक्ल वा राजेश जी के जन्मदिन के अवसर पर सभी ने उनको बधाई दी ।सभी ने बाटी चोखा एवं गुझिया का लुफ्त उठाया।

## चुरावनपुर गांव में चहका फाग गीत परम्परागत संगीत समारोह में लोक कलाकारों को किया गया सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री द्वारिकाधीश लोक संस्कृति संस्थान द्वारा बक्शा विकासखंड के चुरावनपुर गांव में रविवार को लोक संगीत समारोह का आयोजन किया। देर रात तक चले इस अनूठे कार्यक्रम में श्रोता फागुनी स्वर लहरियों में झूमते रहे। सुरुचिपूर्ण फाग लोक संगीत से कलाकारों ने होली के रंगों को और भी चटक बना दिया। युवा पीढ़ी ने भी अपनी रुचि दिखाते हुए मंच पर अपनी शानदार प्रस्तुति दी। पांच दशकों से जनपद के लोक कलाकारों को मंच प्रदान करता आ रहा यह संस्थान विलुप्त हो रहे फाग गीतों फगुआ, चौताल, चहका, धमार, उलारा, बेलवइया एवं चौता आदि अवधी गीतों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु सतत सक्रिय है। फागुनी गीतों के इस धमाल में चौताल तिकड़ी 92 वर्षीय बड़कऊ उपाध्याय, लाल साहब पाठक व रामनवल शुक्ल द्वारा '' मोहि अवध छयल दिलदारे नयन शर मारे'' सुनाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। फाग गीत की शानदार प्रस्तुति करते हुए ख्यातिलब्ध उलारा गायक राम आसरे तिवारी ने '' बिन बलमा फगुनवा जहर लागेला, बिन बलमा तथा उलारा जहां झोकवन आवै बयार अटरिया लंबी छवाय द बालमवा तथा सवारियां जुलुम गुजारा हो हमरी सेजरिया सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। फाग गीत के प्रसिद्द गायक कैलाश शुक्ल द्वारा उलारा बाज रही पैजनियां छमाछम तथा जनपद के मशहूर चौताल गायक डॉ. सत्य नाथ पाण्डेय द्वारा फागुन के दिन गिनत बिताने चैत नियराने गाकर वाह वाही लूटी। युवा गायक डॉ. रामकृष्ण




पाण्डेय ने होली गीत प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। देवी गीत गायक आशीष पाठक अमृत, बेलवइया गायक त्रिवेणी प्रसाद पाठक, बाल कलाकार तबला वादक पं. कार्तिकेय मिश्र, ढोल वादक कृष्णानंद उपाध्याय, अशोक कुमार,लक्ष्मी उपाध्याय, भुट्टे मियां, नजरू उस्ताद सहित समस्त लोक गायको एवं अतिथियों का स्वागत संस्थान के अध्यक्ष डॉ. मनोज मिश्र ने किया। लोक सेवा आयोग यूपी के सदस्य प्रो. आर.एन. त्रिपाठी एवं भारतीय विज्ञान कथा लेखन समिति के सचिव डॉ. अरविन्द मिश्र ने लोक गायकों को अंगवस्त्रम पहना कर सम्मानित किया। समारोह का संचालन पं. श्रीपति उपाध्याय एवं धन्यवाद ज्ञापन ओंकार मिश्र ने किया।

## यूपी में नए वित्त वर्ष में कई मदों से आय में कमी : नए खर्च बढ़ने की चुनौती

लखनऊ ब्यूरो : वित्त वर्ष 2022–23 में प्रदेश को आर्थिक मोर्चे पर कई नई चुनौतियों का सामना करने की स्थिति बन रही है। सीधे तौर पर करीब 30 हजार करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति में कमी का अनुमान है। वहीं, नए बजट में नकद खर्च वाली कई योजनाओं पर व्यय भार बढ़ना है और कई नई योजनाएं शुरू होनी हैं। ऐसे में राजस्व प्राप्तियों में कमी और खर्च में वृद्धि का असर सीधो तौर पर पूंजीगत कार्यों पर पड़ने की आशंका है। पूंजीगत कार्यों में सड़क, एक्सप्रेसवे, मेट्रो जैसे विकास से जुड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट आते हैं। प्रदेश सरकार ने हाल ही में राज्य के सामने राजस्व संग्रह से होने वाली आय को लेकर दो बड़ी चुनौतियों को चिह्नित किया है। पहला, जीएसटी से होने वाली आय में कमी के एवज में केंद्र से होने वाली क्षतिपूर्ति जून के बाद बंद हो जाएगी। राज्य कर विभाग ने अनुमान लगाया है कि इससे राजस्व में वार्षिक 30 हजार करोड़ रुपये तक कमी आने का अनुमान है। इसके अलावा राज्य सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले पेट्रोलियम उत्पादों की बढ़ती कीमतों पर लोगों की नाराजगी थामने के लिए पेट्रोल व डीजल पर वैट की दरों में कटौती की थी। राजस्व प्राप्तियों में इससे हर महीने करीब 465 करोड़ रुपये की कमी हो रही है। इस तरह पूरे वित्त वर्ष में करीब 5580 करोड़ रुपये की कमी आ सकती है। सत्ताधारी दल ने लाभार्थी समूह को साधने से जुड़े कई ऐसे नए एलान किए हैं, जिनके क्रियान्वयन पर हजारों करोड़ का अतिरिक्त खर्च बढ़ेगा। इनमें निराश्रित महिला, वृद्धावस्था व दिव्यांगों की पेंशन तथा कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थियों को दी जाने वाली राशि में वृद्धि की जानी है। इसके अलावा उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को वर्ष में दो एलपीजी सिलेंडर देने का वादा है। जानकार बताते हैं कि राजस्व प्राप्तियों में कमी व नए वित्त वर्ष से ही नकद खर्च में वृद्धि से जुड़ी कई नई योजनाओं की शुरुआत का दबाव नए बजट पर साफ नजर आएगा। इस तरह समझें अतिरिक्त बजट की जरूरत प्रदेश में 15 लाख निराश्रित महिलाओं को पेंशन मिल रही है। चालू वित्त वर्ष की पहली तीन तिमाही में यह पेंशन 500 रुपये प्रतिमाह थी। चुनाव के ठीक पहले वित्त वर्ष की आखिरी तिमाही में इसे बढ़ाकर 1000 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया। इस तरह इस पेंशन पर पूरे वित्त वर्ष में 2292.77 करोड़ रुपये का खर्च आया है। लेकिन, चुनाव संकल्प पत्र में वादा किया गया है कि निराश्रित महिलाओं की पेंशन 1000 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये प्रतिमाह की जाएगी। नए वित्त वर्ष से ही यदि इस वादे पर अमल होता है तो पूरे वित्त वर्ष के लिए करीब 5,580 करोड़ रुपये की जरूरत होगी। वृद्धावस्था से जुड़े 56 लाख लाभार्थियों की पेंशन भी 1000 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये करने का वादा है। इस स्कीम में चालू वित्त वर्ष में करीब 4,200 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। वादे पर अमल से करीब 10,080 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इसी तरह 11.19 लाख दिव्यांगों की पेंशन भी 1000 रुपये से बढ़ाकर 1500 करने का वादा है। उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को होली व दीवाली पर एलपीजी सिलेंडर देने का वादा है। प्रदेश की 1.67 करोड़ लाभार्थियों से यह वादा पूरा करने पर 3300 करोड़ रुपये का नया खर्च बढ़ेगा। कन्या सुमंगला योजना की 10.01 लाख लाभार्थियों को 15 हजार की जगह अब 25 हजार रुपये वित्तीय सहायता दिया जाना है। चालू वित्त वर्ष में इसके लिए 1200 करोड़ का प्रावधान किया गया था। अब इस वादे पर अमल के लिए करीब 2000 करोड़ रुपये की जरूरत बताई जा रही है। किसानों को सिंचाई की मुफ्त बिजली, कॉलेज जाने वाली मेधावी बेटियों को स्कूटी, दो करोड़ युवाओं को टैबलेट या स्मार्टफोन तथा 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को सार्वजनिक परिवहन में मुफ्त यात्रा पर आने वाले खर्च का भी आकलन हो रहा है। विकास प्रोजेक्ट पर पहले से ही खर्च में कमी कोविड महामारी से पूंजीगत खर्च में पहले से ही कमी आई है। 2020–21 में अवस्थापना सुविधाओं व आधारभूत सेवाओं के विकास पर 52237.11 करोड़ खर्च हुए थे। 2021–22 के बजट प्रस्ताव में पूंजीगत खर्च के लिए 113767.70 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया। लेकिन, प्रावधान के अनुसार बजट की उपलब्धता न होने पर पुनरीक्षित अनुमान में 17287.07 करोड़ की कटौती कर 96480.63 करोड़ कर दिया गया। वित्त वर्ष 2022–23 के लेखानुदान से देखें तो आगामी वित्त वर्ष में पूंजीगत खर्च इससे भी कम होने का अनुमान है। सरकार ने 2022–23 में पूंजीगत मद में 95793.69 करोड़ रुपये ही खर्च का अनुमान लगाया है। यह पिछले वित्त वर्ष से वृद्धि की जगह कम है। राजस्व प्राप्तियों व खर्च को लेकर बन रहे नए परिदृश्य में इसका असर आगे की विकास योजनाओं पर पड़ना तय माना जा रहा है। वित्त वर्ष 2022–23 में राजस्व प्राप्तियों में 30 हजार करोड़ की कमी का अनुमान। विकास कार्यों पर असर पड़ने की आशंका।

## समाजवादी पार्टी के विधायक दल की बैठक टली : अब 26 मार्च को होगा नेता प्रतिपक्ष पर फैसला

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आयुतोष चौधरी : समाजवादी पार्टी की विधायक दल की 21 मार्च को होने वाली बैठक अब 26 को होगी. यह बैठक सपा मुख्यालय, 19 विक्रमादित्य मार्ग पर होगी. समाजवादी पार्टी ने विधान परिषद प्रत्याशियों के नामांकन की वजह से विधायक दल की बैठक का कार्यक्रम आगे बढ़ाया है. इस बैठक में बैठक में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव रहेंगे मौजूद रहेंगे. अखिलेश यादव 26 मार्च को सुबह 10 बजे पार्टी कार्यालय में पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों की विधान परिषद के मौजूदा सदस्यों के साथ बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यूपी विधानसभा चुनाव 2022 में कई दलों के साथ मिलकर चुनाव के मैदान में उतरी समाजवादी पार्टी को 111 तथा गठबंधन को 125 सीट मिली हैं. अब समाजवादी पार्टी का लक्ष्य मजबूत विपक्षी दल बनने का है। समाजवादी पार्टी इसी को लेकर अपने विधायक दल के नेता का चुनाव करने के लिए बैठक बुला रही है. जानकारी के मुताबिक इस महत्वपूर्ण बैठक में हाल में संपन्न विधानसभा चुनाव में पार्टी की पराजय की समीक्षा के साथ–साथ विधान परिषद के स्थानीय प्राधिकारी क्षेत्र के आगामी चुनाव की रणनीति पर व्यापक चर्चा की जाएगी। हाल में संपन्न राज्य विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को 403 में से 111 सीटों पर जीत हासिल हुई थी जबकि उसके सहयोगी राष्ट्रीय लोक दल को 8 और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) को 6 सीटें प्राप्त हुई थी. दूसरी ओर, सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी 255 सीटें जीतकर लगातार दूसरी बार सत्ता पर काबिज हुई. उसके सहयोगी दलों निषाद पार्टी और अपना दल (सोनेलाल) को कुल 18 सीटें मिली थीं. सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव विधानसभा चुनाव में 300 से ज्यादा सीटें जीतने को लेकर आश्वस्त थे, लेकिन चुनाव के नतीजे उनकी आशा के अनुरूप नहीं रहे।

## उपराष्ट्रपति का बयान– हम पर शिक्षा का भगवाकरण करने का आरोप : इसमें गलत क्या? संस्कृत भारत का ह्रदय

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आयुतोष चौधरी : भारत के उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू हरिद्वार पहुंच गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में दक्षिण एशियाई देश शांति और सुलह संस्थान का उद्घाटन किया. उपराष्ट्रपति ने कहा कि हम पर शिक्षा का भगवाकरण करने का आरोप है, लेकिन भगवा में क्या गलत है? हम 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' यानी सभी खुश रहें और 'वसुधैव कुटुम्बकम' यानी दुनिया एक परिवार है, के विचार से आगे बढ़ रहे हैं. हम आजादी के 75वें वर्ष में भी शिक्षा की मैकाले प्रणाली को ढो रहे हैं, जिसे पूरी तरह से खारिज करने की जरूरत है. इसने देश में शिक्षा के माध्यम के रूप में विदेशी भाषा को थोप दिया है, जिससे शिक्षा को अभिजात वर्ग तक सीमित कर दिया. यही वजह है कि हम सालों से खुद को अन्य लोगों से कम आंक रहे हैं। अब समय आ गया है कि हमें अपनी जड़ों की ओर वापस लौटना चाहिए, अपने कल्चर, विरासत, भाषाओं पर गर्व करना चाहिए. शास्त्रों को जानने के लिए संस्कृत सीखनी चाहिए. इसी से सभी भाषाओं का जन्म हुआ है और ये भारत का ह्रदय है. उपराष्ट्रपति ने कहा कि सालों से समाज का एक छोटा वर्ग, एक बड़ी आबादी को शिक्षा के अधिकार से दूर रख रहा है. हमें अपने कल्चर का अपमान करना सिखाया गया, जिससे देश का विकास रुक गया है. इस दौरान उपराष्ट्रपति ने दुनिया में शांति बनाए रखने के लिए भारत की ओर से किए जा रहे प्रयासों का जिक्र किया। उन्होंने कहा, एक समय था जब दुनियाभर से लोग नालंदा और तक्षशिला के प्राचीन भारतीय विश्वविद्यालयों में पढ़ने आते थे. कई साल पहले भी भारत की चर्चा विश्वभर में थी, लेकिन हमने किसी पर भी हमला करने के बारे में नहीं सोचा. भारत हमेशा से शांति का समर्थक रहा है क्योंकि दुनिया को शांति की जरूरत है. किसी भी देश पर पहले हमला न करने वाली भारत की नीति की दुनियाभर में तारीफ होती है. यह सम्राट अशोक जैसे महान योद्धाओं का देश है, जिन्होंने हिंसा पर अहिंसा और शांति को चुना। मैकाले शिक्षा प्रणाली के तहत भारत के उच्च और मध्यम वर्ग के एक छोटे से हिस्से को शिक्षित करना था. जिससे एक ऐसा वर्ग तैयार हो जो रंग और खून से भारतीय हो, लेकिन विचारों, नैतिकता तथा बुद्धिमत्ता में ब्रिटिश हो. यह वर्ग सरकार और आम जनता के बीच एक ब्रिज के रूप में काम कर सके।

## FB की चेतावनी– फेसबुक प्रोटेक्ट चालू नहीं किया तो बंद हो जाएगा आपका अकाउंट

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आयुतोष चौधरी : सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कई लोग शिकायत कर रहे हैं कि वो अपने फेसबुक अकाउंट में लॉगिन नहीं कर पा रहे हैं. इन यूजर्स को कहा गया है कि जब तक ये फेसबुक प्रोटेक्ट चालू नहीं करते हैं, तब तक अपने अकाउंट को एक्सेस नहीं कर पाएंगे। फेसबुक ने पिछले साल सितम्बर में फेसबुक प्रोटेक्ट को टेस्टिंग फेज से निकालकर ग्लोबली रोल–आउट किया था. प्लेटफॉर्म का कहना है कि यह एक सिक्योरिटी प्रोग्राम है, जो यूजर के फेसबुक अकाउंट को सेफ रखने में मदद करता है. प्लेटफॉर्म का कहना है कि यह खास तौर पर उन यूजर्स के लिए है, जो हैकर्स का निशाना बन सकते हैं. इनमें पत्रकार, सरकारी कर्मचारी और ह्यूमन राइट ऐक्टिविस्ट जैसे लोग शामिल हैं। फेसबुक उन अकाउंट को बंद कर रहा है, जिन्होंने फेसबुक प्रोटेक्ट को चालू नहीं किया है. कंपनी ने कुछ वक्त पहले कुछ यूजर्स को फेसबुक प्रोटेक्ट चालू करने के लिए मेल भेजा था. इनमें से जिन्होंने इस सिस्टम को चालू नहीं किया है, उनका अकाउंट बंद कर दिया गया है. अकाउंट तभी वापस आ पाएगा, जब ये फेसबुक प्रोटेक्ट को चालू करेंगे।

## सीएम योगी ने पोलियो अभियान का किया शुभारंभ, बोले– सशक्त भारत का हिस्सा है स्वस्थ भारत अभियान

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आयुतोष चौधरी : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वस्थ भारत अभियान, सशक्त भारत अभियान का हिस्सा है. इसे लेकर सभी संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों और आमजन को सरकार के कार्यक्रमों से जुड़ना होगा. सब लोग एकसाथ सामूहिकता से जुड़ेंगे तो इसके सफल व सार्थक परिणाम आएंगे. सामूहिकता के भाव से ही हमने 40 साल तक मासूमों पर कहर बरपाने वाली इंसेफेलाइटिस पर पूरी तरह नियंत्रण पाया है, वैश्विक महामारी कोरोना को काबू में कर पूरी दुनिया के सामने नजीर पेश की है। सीएम योगी आज गोरखपुर में जिला महिला अस्पताल के सामने स्थित परिसर में पल्स पोलियो अभियान के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. इस अवसर पर उन्होंने पांच बच्चों को अपने हाथ से पोलियोरोधी ड्राप भी पिलाया. मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 12 वर्ष पूर्व ही पोलियो की समस्या पर समाधान प्राप्त कर लिया है. पर, इन 12 वर्षों में पाकिस्तान, अफगानिस्तान समेत कुछ देशों में पोलियो के मामले सामने आए हैं.




बीमारी संक्रामक होने के नाते जब तक वायरस दुनिया से समाप्त नहीं हो जाता, खतरा बना रहता है. इसलिए पूरी दुनिया में पोलियो उन्मूलन होने तक हमें सार्थक प्रयास करते रहना होगा. उन्होंने कहा कि जरा सोचिए, पोलियो की चपेट में जो बच्चे जिंदगी भर के लिए स्थाई विकलांगता के शिकार हो जाते हैं, उनके व उनके परिवारों पर क्या बीतती होगी. इसलिए सरकार पोलियो उन्मूलन अभियान को तब तक जारी रखेगी जब तक पूरी दुनिया से यह बीमारी उन मूलीच नहीं हो जाती।

## छह महीने से खराब स्ट्रीट लाइट शिकायत के बावजूद नहीं की जा रही ठीक

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अलीगंज में पुरनिया रेलवे क्रॉसिंग ओवर ब्रिज के नीचे एम एस 141 के सामने पिछले छह महीने से स्ट्रीट लाइट खराब है जिसकी शिकायत महेंद्र सिंह पाहवा ने सीएम पोर्टल पर दो बार की। नगर निगम में खुद जाकर शिकायत की लेकिन अभी तक स्ट्रीट लाइट ठीक नहीं की गई जिससे घुप्प अंधेरा बना रहता है। पुल के नीचे अराजक तत्व घूमते फिरते रहते हैं। महेंद्र सिंह पाहवा ने बताया कि रात में अंधेरा होने के कारण अराजक तत्वों से भय बना रहता है, कहीं चोरी की आशंका बनी रहती है। तमाम प्रकार की असुविधाएं हो रही हैं, एक बार कर्मचारी आए भी और कह दिए कि बाबू जी ठीक हो गई है लेकिन जलती ही नहीं है। क्षेत्रवासियों का कहना है सिर्फ औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। समुचित समस्या का निस्तारण नहीं किया जा रहा है। डॉक्टर अनिल यादव, सनी पाहवा, श्रीमती सविता सिंह ने शीघ्र स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग की है। वहां के निवासी सनी पाहवा ने बताया कि डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन नगर निगम नहीं करा रहा है, इलाके में कूड़ा गाड़ी आती ही नहीं है। दूसरे चौराहे पर जाकर कूड़ा कलेक्शन सेंटर पर कूड़ा डालना होता है। नगर निगम की तरफ से इस क्षेत्र में कोई सुविधा नहीं दी जा रही है। तमाम शिकायतों के बावजूद कोई सुधार नहीं हो रहा है, पुल के नीचे दरवाजे के सामने तमाम दुकानें लगती है जहां शाम को अंधेरे का फायदा उठाकर लोग वहां पर जमा होते हैं और शराब का सेवन करते हैं। अराजक तत्वों से कोई उलझना नहीं चाहता इसलिए प्रशासन से बार–बार शिकायतें की जा रही है लेकिन समुचित निस्तारण नहीं हो रहा है।

